* श्रीराधामुकुन्दौ विजयतेतराम् *

-श्रीराधाकृष्ण-वृन्दावनतत्त्वनिरूपणपरा-
चोधिनी-राधातापिनी-राधोपनिषदां
चयरूपा-सानुवादा-सपरिशिष्टा-

उपनिषत्त्रयी

(पुरुषार्थ की उपल

पं० श्रीव्रजवल्लभशरण ब्रह्मचारी,
सांख्यतीर्थः, विद्याभूषणः
श्रीभगीरथ झा मैथिल, [illegible]

कः-पं० श्रीभगीरथ झा मैथिल,
न्याय वेदान्ताचार्य्यः

चौथमल गिदौड़िया अग्रवाल वैश्य,
मैनेजर—कोटे आफिस, राज्य जयपुर।

SHRI SHARDA PEETHA SANSKRIT VIDYAPEETH

विषयाः

	पृष्ठ		पृष्ठ
विनो	१	४—परिशिष्टम्	४६
न	३६	५—निष्कर्षः	६३
ना	४२		

वन, श्रीगुरुपुष्यामी सम्वत् १९९६ वि०
००० प्रति] — [श्रीराधा-कृष्ण-पद-प्रीतिः

प्रभुदयाल मीतल, अग्रवाल प्रेस, वृन्दावन।

समर्पणम्

यद्वृन्दावनमात्रगोचरमहो यन्न श्रुतीनां शिरो—
प्यारोढुं क्षमते न यच्छिव शुकादीनां च यद्ध्यानगम् ।
यत्प्रेमामृतमाधुरीरसमयं यन्नित्यकैशोरकम्—
यद्युग्मं परिवेष्टुमेव नयनं लोलायमानं मम ॥

—श्रीराधासुधानिधिः

श्यामां गोरोचनाभां स्फुरदसितपटप्राप्तिरम्याऽवगुण्ठां-
रम्यां वेणीचिकुरनिकराऽलम्बपादां किशोरीम् ।
तर्ज्जन्यंगुष्ठयुक्तां हरिमुखकुहरे युंजतीं नागवल्ली—
पर्णं कर्णयितार्द्धीं त्रिभुवनमधुरां राधिकां भावयामि ॥

—उ० आ० तं०

माधुर्य्यार्णां निधानं रसमयवपुषं पूर्णचन्द्रोपमास्यं—
रम्यं रम्यालकानां घनवृतनिटिलं पक्वविम्बाधरोष्ठम् ।
पाणौ वंशीं दधानं कनकरुचिपटप्राप्तिरम्यं किशोरं-
ध्याये राधामुखेन्दौ विनिहितनयनं ब्रह्मवेदान्तमृग्यम् ॥

यस्याऽसीमदयालवेन हि मया प्राप्ता मनोहारिणी-
रम्या रम्यगुणोदयस्य महिमव्युत्पादने मंजुला ।
तस्यैव प्रणयाम्बुधे रसतनोर्य्युग्मस्य पादाम्बुजे-
न्यस्तेयं वितनोतु मय्यपि तदीयत्वं श्रुतीनां त्रयी ॥

—भगीरथः 'दीनः'

कृष्णचन्द्र परिपूर्ण तम, तिन नख चन्द्र अनन्त ।
प्रभा प्रकाशित दिव्य अति, ताको ना कछु अन्त ॥
तिनकी अणु एक तत्व से, ब्रह्मा विष्णु महेश ।
रचे कोटि ब्रह्माण्ड हूँ, देव रवी शशि शेष ॥

—चौथमल गिर्दावल सेवक

आवश्यक वक्तव्य

मुक्तिकोपनिषत् के अनुसार वेद की ११८० एक हजार एक सौ अस्सी कुल शाखायें हैं, जिनमें २१ ऋग्वेद में, १०९ यजुर्वेद में, १००० सामवेद में, ५० अथर्ववेद में है। व्याकरण महाभाष्य के अनुसार भी किंचिन्न्यूनाधिक मात्रा से इसीके लगभग होते हैं। "एकैकस्यास्तु शाखाया एकैकोपनिषन्मता" इस मुक्तिकोपनिषत् के वाक्यानुसार उपनिषत् भी ११८० एक हजार एक सौ अस्सी होते हैं। उससे भी मन्त्रभाग ब्राह्मणभाग भेदेन* तथा पूर्वतापिनी उत्तरतापिन्यादि भेदेन एकहजार अस्सी से भी अधिक होते हैं। उनमें प्रायः ७–८ शाखा छोड़कर

---

* यथा एक ही माध्यंदिन शाखा में मंत्र भाग में ईशावास्य और ब्राह्मण भाग शतपथ में बृहदारण्यक है। इसी प्रकार काण्व शाखा में भी मंत्र ब्राह्मण भेदेन ईशावास्य और बृहदारण्यक हैं। यद्यपि काण्व-शाखीय माध्यन्दिन शाखीय ईशावास्य तथा बृहदारण्यक में विशेष भेद नहीं है। तथापि पाठ का अग्र पश्चात् अवश्य है। अष्टोत्तर शतोपनिषत् में मुद्रित ईशावास्य तथा बृहदारण्यक काण्वपाठानुसारी है। इसी प्रकार एक ही तैतरीयारण्यक में तैतरीय और महानारायण यह २ उपनिषद् हैं जिस पर सायण का भाष्य है।

शेष शाखाओं के मन्त्रब्राह्मण भाग प्रायः लुप्त ही होगये । ये शाखाएँ कब लुप्त हुईं, निश्चित पता नहीं । अनुमान किया जाता है कि बौद्ध काल से लेकर यवन काल तक में लुप्त हो गई हों। आजकल प्रायः वे ही शाखाएँ मिलती हैं,जिन-जिन शाखाओं के ब्राह्मणवर्ग विद्यमान हैं। उपनिषद्भाग में सबका प्रायः समान अधिकार होने से उपनिषदों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में सुरक्षित रहनी संभव थी । परंच बौद्धकाल के बाद शुष्क ज्ञान मार्ग का प्रवाह इस तेजी के साथ चला कि अन्यान्य भक्तिमार्गीय साहित्य के साथ साथ शुद्ध भक्तिमार्गीय उपनिषत् भी बह गये । जो कुछ बचे, वे भी श्रीशङ्कराचार्य्य पाद के हस्तमुद्रांकित नहीं होने से संदिग्धप्रामाण्य हो गये । इस कारण भी विद्वानों से उपेक्षित होने से नष्ट हो गये, जैसे आज भी हो रहे हैं

इसलिये यह कहना कि उपनिषत् कुल एक सौ आठ ही हैं, यह मूर्ख प्रलाप मात्र है। जिस वरदतापिनी को महाराष्ट्र के ब्राह्मण वर्ग अत्यन्त आदर की दृष्टि से देखते हैं तथा गोपीचन्दनादि उपनिषदों के साथ टीका सहित पूना में मुद्रित भी है, वह भी अष्टोत्तर शतोपनिषत् से बाहर ही है। अस्तु,

अष्टोत्तर शतोपनिषत् के अन्दर केवल ईशादि दश तथा नृसिंहपूर्वतापिनी पर ही आदि शङ्कराचार्य्य का भाष्य है। श्वेताश्वर पर अन्य ही किसी शंकराचार्य्य का भाष्य है। उत्तरनृसिंहतापिनी

पर विद्यारण्य का भाष्य है। उसमें भी नृ० पू० तापिनी भाष्य का आदिशंकरकृतत्वेन उल्लेख होने से उसका आदिशङ्कर कृतत्व निश्चित है। इस से अतिरिक्त लघुजाबाल कौषीतकि नारायण महानारायण का शंकराचार्य्य ने उद्धरण मात्र कहीं-कहीं पर किया है। महोपनिषत् पर विद्यारण्य के गुरु शङ्करानन्द का भाष्य है जो एकादशोपनिषत् के साथ पूना में मुद्रित है। तथा इसके "एको ह वै नारायण आसीत् न ब्रह्मा नेशानः" इस अंश का उद्धरण भी वैष्णवावैष्णव सब सम्प्रदाय के ग्रन्थों में है। अन्य पर प्रायः शङ्कर का भाष्य तथा उद्धरण नहीं है।

गोपालतापिनी का भी उद्धरण यद्यपि आदि-शङ्कराचार्य्य के निबन्धों में प्रायः उपलब्ध नहीं हुआ है। तथापि अनेक स्मार्त विद्वानों ने उस पर टीकायें लिखी हैं। जिनमें नारायणीय टीका सहित अथर्ववेदीय एकादशोपनिषत् के साथ वह पूना में छपा है। स्मार्त अप्पण दीक्षित ने भी व्यासतात्पर्य निर्णय में उसको उद्धृत किया है। वैष्णवाचार्यों के यहाँ तो वह मुख्य ही है। जिस स्वाभाविक द्वैताद्वैत-सिद्धान्त का बृहदारण्यक के पाँचवें अध्याय में "पूर्णमदः" इस मन्त्र के व्याख्यान में तथा आरम्भणाधिकरण में श्रीशङ्कराचार्य्य ने खण्डन किया है। उस द्वैताद्वैत सिद्धान्त के आदि प्रवर्तक* श्रीनिम्बार्काचार्य्य तथा श्रीश्रीनिवासाचार्य्यकृत

* श्रीनिम्बार्काचार्य्य को श्रीशङ्कराचार्य्य से प्राचीन कहना यद्यपि आधुनिक अधिकांश लोगों का विश्वास के विपरीत है। तथापि मेरा

ब्रह्मसूत्र भाष्य वेदान्तकौस्तुभ तथा श्रीनिवासाचार्य्य के उपशिष्य श्रीपुरुषोत्तमाचार्य्य के वेदान्तरत्नमंजूषा में गोपालतापिनी का बाहुल्येन उद्धरण है। आर्ष ग्रन्थ गौतमीय तन्त्र में भी गोपाल मन्त्र के व्याख्यान के प्रसङ्ग में क्लीं कारादजस्रम्" इत्यादि, अंश उद्धृत है। श्रीदेवाचार्य्य के शिष्य श्रीसुन्दर भट्टजी का तो भाष्यभी श्रीगोपालतापिनी पर है। अस्तु,

पहले मैं बतला चुका हूँ कि अधिकांश उपनिषत् अनेक कारणों से काल के गले में चले गये और जा रहे हैं। उन उपनिषदों में से कुछ उपनिषदों को खोजकर अष्टोत्तरशतो पनिषदों के साथ लगभग २५० उपनिषदों का वाक्य कोष बना कर बम्बई के एक पण्डितजी प्रकाशित करा रहे हैं। जिसकी सूची का मैंने भी सुरत-मोटा-मन्दिर में निरीक्षण किया है।

विश्वास है कि पक्षपात छोड़कर प्रणिधान के साथ यदि दोनों सम्प्रदायों के ग्रन्थ तथा गुरुपरम्परा का अनुशीलन किया जाय तो निम्बार्काचार्य्य अवश्य ही शङ्कराचार्य्य से प्राचीन सिद्ध होंगे।" निम्बार्काचार्य्य तथा श्रीनिवासाचार्य्यरचित ब्रह्मसूत्र भाष्य में सपरिकर विचार होने पर भी कहीं भी शांकर मत की चर्चा तक भी नहीं। शङ्कर ग्रन्थों में तो द्वैताद्वैत मत पर विचार है ही, सो पहले बता चुका हूँ। कुछ लोग कहते हैं, कि माधवकृत सर्वदर्शन संग्रह में निम्बार्क मत का उद्धरण नहीं है। अतएव ये माधव से भी अर्वाचीन हैं। परञ्च माधव से निर्विवादसिद्ध प्राचीन भास्कर मत का भी सर्व० द० स० में उद्धरण न होने से यह हेतु अनैकान्तिक है। जिन मतों का वे सुज्ञ थे उनका वे संग्रह किए।

जिसमें राधोपनिषत् राधिकोपनिषत् गान्धर्वोपनिषद् नाम की तीन श्री राधा परक भी उपनिषद् है। इससे अतिरिक्त भी श्रीराधा परक उपनिषद् है। जिसका उद्धरण वैष्णवाचार्य्य के निबन्धो में मिलता है। यथा "राधया माधवो देवो माधवेन च राधिका विराजते जनेषु" इस श्रुति को ऋक् परिशिष्टस्थ कहकर उदुम्बरसंहिता तथा श्रीनिम्बार्काचार्य्य के शिष्योपशिष्य श्रीपुरुषोत्तमाचार्य्यकृतवेदान्तरत्नमंजूषा में ५ श्लोक में तथा रूपगोस्वामिकृत उज्वलनीलमणि आदि में उद्धरण किया गया है। "वामांगतहिता देवी राधा वृन्दावनेश्वरी" इसको भी निम्बाकाचार्य्य शिष्य उदुम्बराचार्य्य कृत उदुम्बर संहिता में ४ चतुर्थ व्रत प्रकरण में तथा बलदेव विद्याभूषण कृत सिद्धान्तरत्न की द्वितीयपाद की टीका में कृ. उप. उद्धरण है। एवम् "अनाद्योऽयं पुरुष एक एवास्ति स एव नायिकारूपं विधाय समाराधनतत्परोऽभूत् तस्मात्तां राधिकां रसिकानन्दां वेद विदो वदन्ति" इस का भी गोपालसहस्रनामभाष्य आदि बहुत निबन्धो में सामरहस्य श्रुति कहकर उद्धरण मिलता है परंच इन सबका मूल पुस्तक अभी तक नहीं मिला है। किसी महानुभाव को मिले तो प्रकाशित कराने की कृपा करें ताकि नष्ट होने से बच जाय।

यहाँ जो तीन उपनिषत् प्रकाशित किये गये हैं उनमें

पुरुषार्थबोधिनी का आचार्य,बलदेव,विद्याभूषण ने, अपना सिद्धान्तरत्न (गोबिन्द भाष्य, पठिक) के द्वितीय पाद मे, "+ गोकुलाख्ये माथुरमंडले वृन्दावनमध्ये" इत्यादि कइ अंश इसका उनिषद का आथर्वणपुरुषार्थबोधिनी, यह नाम निर्देश पूर्वक उद्धरण किया है। उनसे प्रायः-चार सौ वर्ष प्राचीन श्रीहरि व्यासदेवाचार्य्य कृतनिम्बार्क दस श्लोकी का व्याख्यान सिद्धान्तकुशुमाजंलि में पाँच में श्लोक का व्याख्यान में इस का नाम निर्देश पूर्वक उद्धारण है। परंच आज तक यह प्रायः अप्रकाशित था। मैंने प्राचीन हस्त लिखित पुस्तकों का अन्वेषण करते हुए, स्थानीय गिरिधारीजो के जोर्ण पुस्तकालय में इसे पाया। इसके अन्तिम पृष्ट में इसका लेखन काल १८८७ सम्वत् लिखा है। इस पुस्तका लम्बाइ एक वितस्ति चौड़ाई सात अंगुल प्रत्येक पृष्ट में सात पंक्ति है, कुल २६ पृष्ट हैं। इस को लाकर मैंने जब प्रकाशित करने का निश्चय किया कि भगवत्

+ सिद्धान्तरत्न की टीका में इस उपनिषद को अथर्ववेदीय पिप्पलाद शाखीयबताया गया है। ठीक है गोपाल तापिनी भी पिप्पलाद शाखीय है। इसी का योगपीठका विचार तो पु० बो० में भी है। जिस प्रकार एक ही तैतरीय अरण्यक ब्राह्मणमें तैतरीय और महानारायण दो उपनिषद् है उसी प्रकार पिप्पलाद शाखा में भी को उपनिषद हो सकता है।

कृपा से स्थानीय श्री जी महाराज की बड़ी कुञ्ज की पुरानी लाइ-
बेरी में एक राधातापिनी भी मिली यह भी अत्यन्त जीर्ण त्रुटित दो पत्रों में लिखित थी इसका लेखन काल उसमें नहीं है। परंच डेढ़सौ वर्ष प्राचीन प्रतीत होता है। इस का भी "देहो यथा छायया शोभमान" इस मंत्र का उद्धरण गोपालसहस्रनाम भाष्य में पं० दुर्गाप्रसाद जी ने किया है। पं० ज्वालाप्रसादजी ने भी अपने गोपालसहस्रनाम के हिन्दीभाष्य में किया है। तीसरी राधोपनिषत् सं० १९८६ में पं० दुलारेप्रसादजी ने प्रकाशित कराये थे। वही यहाँ पर भी लगा दिया गया है। इन सब उपनिषदों के प्रकाशन में द्रव्य द्वारा मुख्य सहायक, परम भागवत् चौथमल गिर्दावल जी के अनुरोध से संक्षिप्त भाषानुवाद भी लगा दिया है। अन्त में श्रीराधा तत्व मु के विषय में श्रीनिम्बार्काचार्य श्रीवल्लभाचार्य्य श्रीचैतन्यमहा-प्रभु श्री हरिवंशमहाप्रभु का दार्शनिक विचार समझने के लिये उन आचार्य्यों का संक्षिप्त सिद्धान्तसंग्रह भी कर दिया है। तथा पुराणों के भी कुछ वचन संग्रह कर दिये है। अन्त में उन सब का सारांश भी हिन्दी में लिख दिया है।

अब मैं गिरिधारी जी मन्दिर के महन्त बाबा श्रीरामचन्द्र दासजीतथा, श्रीजीमहाराज की बड़ीकुञ्ज के पण्डित व्रजवल्लभशरणजी विद्याभूषण सांख्यतीर्थ का मैं परम आ भारी हूँ कि ये महानुभावों ने अपने पुस्तकालय से इन पुस्तकों

को अन्वेषण करने के लिये तथा प्रकाशन करने का मुझे अधिकार प्रदानकिया। मैं अपने परम मित्र तथा परम भागवत चौथमल गिर्दावल जी को बार-बार धन्यवाद देता हूँ कि जो सर्व प्रथम १५ रु०देकर इस पुस्तक के प्रकाशन में उत्साह दिया। इस के बाद उन सब महानुभावों का आभारी हूँ जिन ने सहायता देकर प्रोत्साहित किया उन अग्रवाल प्रेस, के संचालक महानुवों का भी पूर्ण आभारी हूँ जिन की सहायता से, झटिति प्रकाशित हो सका।

अब पाठक महानुभावों से मेरी प्रार्थना है कि यद्यपि यथा साध्य संशोधन हमने किया है। तथापि दृष्टि दोष से कितनी ही अशुद्धियाँ रह गयीं हैं जिन को स्वय संशोधन करके पढ़ने की कृपा करें। इतिशम्।

—झोप.स्य पण्डितभागीरथशर्मा मैथिलः
मिथिलामहीमंडलांतर्गतढंगाहरिपुरग्रामनिवासी ।
सम्प्रति,, मोटा मन्दिर सुरत।

श्रीराधाजन्माष्टमी सं० १६६६
श्रीवृन्दावन ।
श्रीनिम्बार्काब्द ५०३४

॥ श्रीराधासर्वेश्वरो जयति ॥

॥ श्रीनिम्बार्कमहामुनीन्द्राय नमः ॥

अथ

अथर्वणो पुरुषार्थबोधन्युपनिषत्

❀ सप्तम प्रपाक ❀

अथ सुषुप्तौ रामः सुबोधमाधाय इव किमे+ देवि* ! कासौ कृष्णो योऽयंमद्भ्रातेति, तस्य का निष्ठा ब्रूहीति ।

सुषुप्ति काल में शेषरूपी श्रीराम ने सजग होकर शेषशय्या पर शयन की हुई महालक्ष्मी से प्रश्न किया । हे देवि ! भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र का मुख्य स्थान कौनसा है, जो कि मेरे भ्राता हैं ? और उनकी क्या निष्ठा (स्वरूप, गुण, शक्त्यादि) है ?

+ 'किम्' शब्द जिज्ञासापरक और 'ए' शब्द सम्बोधनात्मक प्रतीत होता है ।

* यद्यपि समाधानकर्त्री का स्फुट नाम निर्देश नहीं है, तथापि आगे "साप्युक्ता पद्मा०" इस सन्दर्भ से 'देवि' शब्द का महालक्ष्मी में ही तात्पर्य प्रतीत होता है, क्योंकि 'राम' शेष हैं और महालक्ष्मीजी शेषशय्या पर विराजी हुई हैं । अतः दोनों में प्रश्नोत्तर होना सङ्गत है ।

सानै वाच* राम ! सत्वं, भूः, भुवः, स्वः, महः, जनस्तपः, सत्यं, अतलं, वितलं, सुतलं, तलातलं, रसातलं, महातलं, पातालं एवं पञ्चाशत्कोटियोजनबहुलं स्वर्णाण्डं ब्रह्माण्डमिति अनन्तवैकुण्ठमिति अनन्तकोटिब्रह्माण्डानामुपरि कारुण्यजलोपरि महाविष्णोर्नित्यस्थलं वैकुण्ठम् ।

स पृच्छति कथं शून्यमण्डले निरालम्बे, साप्युक्ता पद्मा आसनासीनः कृष्णध्यानपरायणः शेषदेवोऽस्मि ।

इस प्रश्न को सुन कर श्रीमहालक्ष्मीजी ने निश्चित समाधान करना आरम्भ किया । हे राम ! भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्य, अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल, पाताल इन चौदह लोकों से सुसज्जित पचास कोटि योजन विस्तृत स्वर्णाभ ब्रह्माण्ड है—इस प्रकार के अनन्त ब्रह्माण्ड हैं और उनके अन्तर्गत विद्यमान वैकुण्ठ भी अनन्त हैं, वे गुणावतारों के स्थान हैं ।

अनन्त कोटि ब्रह्माण्डों के ऊपर उनका कारण जल है, जिसमें से ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति होती है । उस कारण जल के ऊपर कारणोदशायी महाविष्णु का नित्यस्थल वैकुण्ठ है, वह केवल सत्वमय है । कारण जल पर वैकुण्ठ धाम है । यह सुन कर शेषजी ने पूछा कि जल के ऊपर निराधार वैकुण्ठ कैसे स्थिर रह सकता है ?

---

* 'उवाच' इस पद के उकार का छांदस लोप होगया है ।

तस्यानन्तरोमकूपेष्वनन्तकोटिब्रह्माण्डानि / अनन्तकोटि कारणजलानि तस्य सप्तकोटिसहस्रपरिमितानि प्रफणानि फणोपरि वैकुण्ठं विष्णुलोकमिति, रुद्रलोकं, शिववैकुण्ठं, दशकोटियोजनविस्तीर्णमिति । तदुपरि शतकोटियोजन विस्तीर्णं कृष्णस्थानं, गोलोकाख्यं, माथुरमण्डलं, महत्पदं

इस प्रकार पूछने पर महालक्ष्मीजी ने कहा कि, अपने पीरासन रूप से आनन्दकन्द श्रीकृष्णचन्द्र के ध्यान में निरत रहता हुआ मैं ही शेष हूँ अर्थात् भगवान् की स्वरूपभूत आह्लादिनी आदिक शक्तियों में से एक आधार-शक्ति के विलास-भूत शेष के अवलम्ब से ही वह वैकुण्ठ स्थित है।* कारण आधार-शक्ति रूप शेष के अनन्त रोम-कूपों में अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड और अनन्त कोटि कारण जल स्थित हैं, उसके अनन्तानन्त फण हैं, उन फणों पर ही वैकुण्ठ अर्थात् महाविष्णु-लोक स्थित है। एवं रुद्रलोक अर्थात् दश योजन विस्तृत शिव वैकुण्ठ भी उन्हीं फणों पर स्थित है। उन सब वैकुण्ठों पर अपरिच्छिन्न भगवान् का गोलोकधाम× है, जो कि सर्वोच्च व्रजमण्डल अमृतमय

---

* अर्थात् आधार नाम की भगवान् की सच्चिन्मयी स्वरूपा-शक्ति मैं हूँ अतः मैं ही स्वांशभूत शेष रूप से उन लोकों का धारण करती हूँ।

× लोक दो प्रकार के हैं—एक 'प्राकृत' और दूसरे 'अप्राकृत', उनके परत्वापरत्व का क्रम यह है:—

प्राकृत-अनन्त कोटि ब्रह्माण्डों में, गुणावतार विष्णु के स्थान भूत अनन्त वैकुण्ठ और उनके बाहिर उमालोक, उस पर शिवलोक,

सुधामयसमुद्रेण वेष्टितमिति, तथाऽष्टदलपद्मकेशरमध्ये मणिपीठे सप्तावरणकमिति ।

सपृच्छति किंरूपं स्थानं ? किंरूपंपद्मम्? किं यन्त्रः ? किं सेवकाः ? किमा वरणम् ? इत्युक्ते साप्युक्ता गोकुलाख्ये माथुरमण्डले वृन्दावनमध्ये सहस्रदलपद्ममध्ये

समुद्र से संवेष्टित है। उसमें अष्टदल कमल की केसर पर एक अलौकिक चमत्कृतिपूर्ण मणि पीठ है, जिसमें सात आवरण हैं।

सर्वोपरि भगवान् श्रीकृष्ण का स्थान है, यह सुन कर राम पूछते हैं कि वह कैसा स्थान है और कैसा वह पद्म एवं यन्त्र है अथ च वहाँ कैसे सेवक हैं और वहाँ पर कैसे आवरण हैं। इस प्रकार प्रश्न को सुन महालक्ष्मीजी बोलीं--उस गोकुल नामक व्रज-मण्डल में श्रीवृन्दावन धाम है, जो कि प्रभु को परमप्रिय

उस पर शिव, ब्रह्मा, विष्णु आदि के अवतारी स्वरूप कारणोदशायी विष्णु का वैकुण्ठ है।

अप्राकृत-कारणोदशायी विष्णु के वैकुण्ठ के ऊपर महाशम्भु का स्थान है, उस पर महावैकुण्ठ, उस पर स्वतः प्रकाश-सर्वमूर्धयन्भूत गोलोकधाम है।।

इस विषय को विशेष रूप से देखना चाहें वे सज्जन बृहद्ब्रह्मसंहिता, ब्रह्मसंहिता ब्रह्मवैवर्त पुराण, अनन्तसंहिता आदि ग्रन्थों को देखें। अथवातो ४७ पृष्ठ तक अर्चिरादिपद्धति देखें एवं अन्यान्य वैष्णवाचार्यों के ग्रन्थों को देखें।

कल्पतरोर्मूलेऽष्टदलकेशरे गोविन्दोऽपि श्यामः पीताम्बरधरो द्विभुजो मयूरपिच्छशिरो वेणुवेत्रहस्तो निर्गुणः सगुणो निराकारः साकारो निरीहःस चेष्टते विराजते इति। द्वे पार्श्वे चन्द्रावली राधिका* चेति यस्या अंशे

है। उसमें भी हजार पत्र वाले कमल पर कल्पवृक्ष के मूल में अष्टदल यन्त्र है, जहाँ पर कि दीनदयालु श्रीगोविन्द विराजते हैं, जिनका घनश्याम वर्ण है, पीताम्बर पहिने हुए हैं, मोरमुकुट मस्तक पर है, सुन्दर दोनों भुजाओं में लकुट और वंशी लिये हैं, जिनको वेदशास्त्रों में ऋषियों ने "निर्गुण, सगुण, निराकार, साकार, निरीह, चेष्टावान्" आदि अनेक रूपों से सम्पन्न कहाहै।

उन गोविन्दाभिध श्रीकृष्ण के पार्श्व में दो देवी विराजती हैं। चन्द्रावली और राधिका उन में राधिका सर्व श्रेष्ठा अतः एव श्रीकृष्ण की यह महिषी हैं, अन्यान्य गोपिकायें उनका ही कायव्यूह रूप हैं यहाँ तक कि लक्ष्मी दुर्गा विजयादि श्रीराधा के ही अंशांश हैं। अतः अन्यान्य गोपिकाओं

---

* यद्यपि चन्द्रावली के अपेक्षया राधा का ही पूर्वोपादान होना चाहिये, क्योंकि आगे चलकर श्रीराधा को ही 'तस्याऽद्या प्रकृती राधा" इत्यादि प्रकरण से सर्वश्रेष्ठ बताया गया है। तथापि यहाँ पर राधा शब्द का पूर्वो पादान करने से "यस्यांशंशे" इस अग्रिम यत् शब्द से राधा का परामर्श नहीं होकर चन्द्रावली का परामर्श हो जाता। अतएव राधा पद का यत् पद के सान्निध्य के लिये पश्चादुपादान किया गया है।

लक्ष्मी दुर्गा विजयादिशक्तिरिति, सम्मुखे ललिता, वायव्येश्यामला, उत्तरे श्रीमती, ऐशान्यां हरिप्रिया, पूर्वे विशाला, आग्नेय्यां श्रद्धा, याम्यांपद्मा, नैर्ऋते भद्रा षोडशदलाग्रे चन्द्रावली, तद्वामेचित्ररेखा, तत्पार्श्वे कृष्ण प्रिया, तत्पार्श्वे कृष्णवल्लभा, तत्पार्श्वे चन्द्रावती तत्पार्श्वे मनोहरा।

तत्पार्श्वे योगानन्दा, तत्पार्श्वे परानन्दा, तत्पार्श्वे सत्यानन्दा, तत्पार्श्वे प्रेमानन्दा, तत्पार्श्वे किशोरिवल्लभा

की योग पीठ में स्थिति का क्रम बताते हैं। श्रीकृष्ण के संमुख ललिता वायव्य में श्यामला उत्तर में श्रीमती ईशान में हरिप्रिया पूर्व में विशाला अग्नि कोण में श्रद्धा दक्षिण में पद्मा नैर्ऋत में श्रद्धा विराजती हैं, ये ही अष्ट सखियां गौतमी तंत्रादि में क्रमशः ललिता विशाखा चंपकलता चित्रा तुंगविद्या इन्दुलेखा रंगदेवी सुदेवी इत्यादि शब्दों से अभिहित हैं ऐसा प्रतीत होता है ग्रन्थ भेद से नाम भेद हो सकता है। एक के अनेक भी नाम हो सकते हैं। कर्णिका के आठों दल में रहने वाली आठों सखियों का परिचय देकर अष्ट दल के बाह्य षोडश दल में रहने वाली सखियों का परिचय देते हैं—

सोलहवें दल के अग्र भाग में चन्द्रावती उनके वाम क्रमेण: क्रमशः पार्श्व में चित्ररेखा चित्रकरा मदनमंजरी शशिरेखा कृष्णप्रिया कृष्णवल्लभा चन्द्रावती मनोहरा योगा-

करुणा कुशलाद्याः एवं विविधागोप्यः सेवां कुर्व्वन्ति । इत्याथर्व्वणे परमरहस्ये पुरुषबोधिन्याः सप्तमः प्रपाठकः ॥७

ओं साप्युक्ता तस्यबाह्ये शतदलपत्रेषु योगपीठेषु रासक्रीडानुरक्तागोप्यस्तिष्ठन्ति । एतद्बाह्ये स्वर्णप्राचीरं चतुर्द्वारपालाश्चतिस्रोगोप्यः तिष्ठन्ति । ततः पारिजातं समुह्य ततोदलपानिव ततः प्रथमावरणे पश्चिमे सम्मुखे स्वर्णमंडपे गोपकन्या द्वितीये श्रीदामादिः ।

नन्दा, परानन्दा, सत्यानन्दा, प्रेमानन्दा, किशोरीवल्लभा करुणा, कुशला, प्रभृति राधा कृष्ण की सेवा करती हैं ।

इत्याथर्वणे पुरुषार्थ बोधिन्युपनिषदः
सप्तमप्रपाठकभाषानुवादः ॥७॥

फिर शेष से जिज्ञासित होने से पद्मादेवी बोलती हैं—शतदल के बाह्य में योग पीठ के अन्दर ही रासक्रीड़ानुरक्ता गोपी विराजती हैं, इसके चारों तरफ बाह्य स्वर्ण प्राचीर अर्थात् दिव्य स्वर्ण मय भवन विशेष हैं । जिसमें चार द्वारपाल रहते हैं उसके बाद उस कल्प वृक्ष के चारों तरफ तत्तदल पालक के जैसे आगे कथ्यमान सब विराजते हैं, यथा शतदल के बाहिर वर्णन में पश्चिम दिशा में श्री कृष्ण के सम्मुख में स्वर्ण मण्डप में गोपकन्या द्वितीय आवर्ण में श्री दामादि तृतीय आवरण में स्तोक कृष्णादि चतुर्थ आवरण में यमुना तट में सुरभ्यादि पंचम

तृतीये स्तोककृष्णादिः चतुर्थावरणे यमुनातटे सुरभ्यादिः पंचमावरणे पारिजातमूले रुक्मिण्यादिवेष्टितो वासुदेवोऽपि षष्ठावरणेऽनन्तोऽपि यमलार्जुनवृक्षश्च सप्तमावरणे शुक्लोविष्णुर्द्वारपालश्च स्वरहस्य संज्ञासा सहस्र* अवताराणि भवन्ति एतद्वाहे ब्रह्मकुण्डं ततः स्नात्वा शक्तुं समर्थो भवति। उत्तरपृष्ठे प्रथमे स्वर्णमंडपे देव कन्या द्वितीये सुदामादिः तृतीये सुभद्रादि चतुर्थेश्यामलादि पंचमे हरिचन्दनमूले रेवती सहितोबलभद्रोऽपि षष्ठेसिद्धगन्धर्व्वगणोऽपि सप्तमे रक्तवर्णो द्वारपालो विष्णु-

---

आवरण में पारिजात के मूल में रुक्मिण्यादि सहित वासुदेव, षष्ठ आवरण में यमलार्जुन वृक्ष सप्तम आवरण में द्वार पाल रूप से गौर वर्ण विष्णु हैं।

अपने-अपने रहस्य भाव के अनुकूल मत्स्यादि तत्तन्नाम युक्त हजारों अवतार स्थान हैं। उसके बाहिर ब्रह्मकुण्ड है, यहाँ पर स्नान करने से रहस्य लीला देखने योग्य होता है। उत्तर पृष्ठ में प्रथम आवरण के स्वर्ण प्राचीर में देव कन्या, द्वितीय आवरण में सुदामादि, तृतीय में सुभद्रादि, चतुर्थ में श्यामलादि, पन्चम में हरिचन्दन मूल में रेवती सहित बलभद्र, षष्ठम में सिद्धगन्धर्व, सप्तम में रक्त वर्ण विष्णु द्वार पाल हैं।

---

* संज्ञया सहस्राणि इति पाठः प्रतिभाति।

रिति एतद्बाह्ये श्यामकुण्डम् इति तत्र स्नात्वा प्रेममक्ति-रिति। पूर्वे प्रथमावरणे योगपृष्ठेस्वर्णमण्डपे मुनिकन्या, द्वितीये वसुदामादिः, तृतीये भद्रादिः, चतुर्थे सुबलादिः, पंचमे सन्तानवृक्षमूले रत्यादिसंहितः प्रद्युम्नोऽपि, सप्तमे गौरवर्णो द्वारपालो विष्णुरिति।

एतद्बाह्ये राधाकुण्डम् अत्रस्नात्वा गोप्यङ्गि भूत्वा कृष्णपूजार्होभवति। तद्दक्षिणे प्रथमावरणे श्रुतिकन्या, द्वितीये किंकिण्यादिः, तृतीये लवङ्गादिः, चतुर्थे कामधेनो-र्वृन्दम्, पञ्चमे कल्पतरोर्म्मूले उषयासंहितोऽनिरुद्धइति, षष्ठे सनकादिमुनयः, सप्तमे कृष्णवर्णोद्वारपालोविष्णुरिति, एतद्बाह्यरुद्रकुण्डम् अत्र स्नात्वाविष्णुरूपीभवति।

उसके बाहिर श्यामकुण्ड है, यहाँ पर स्नान कर प्रेम-भक्ति-लाभ करता है, पूर्व भाग प्रथमावरण में योगपीठ में स्वर्णमंडप में मुनिकन्या, द्वितीय में वसुदामादि, तृतीय में भद्रादि, चतुर्थ में सुबलादि, पञ्चम में सन्तानवृक्ष मूल में रत्यादि सहित प्रद्युम्न, सप्तम आवरण में गौरवर्ण द्वारपाल विष्णु विराजते हैं।

इसके बाहर राधाकुण्ड है, यहाँ स्नान करने से गोपी रूप होकर कृष्ण-पूजा योग्य होता है। उसके दक्षिण प्रथमावरण में श्रुतिकन्या, द्वितीय में किंकिण्यादि, तृतीय में लवङ्गादि, चतुर्थ में कामधेनु का वृन्द, पञ्चम में कल्पतरु, मूल में उषा सहित अनिरुद्ध, षष्ठ में सनकादि मुनि, सप्तम में कृष्णवर्ण द्वारपाल

यमुनायां स्नात्वादर्शनार्होभवति । राधाकृष्णयोरेकमासनपद्म, एकाबुद्धिः, एकंमनः,एकंज्ञानम्, एकआत्मा, एकपदमेकाकृतिः, एकंब्रह्मतयासनम् हेममुरलिवाद्यं हैमं पद्ममिति मानसपूजायां जपेन, ध्यानेन, कीर्तनेन, स्तुतिमानसेन सर्वेणनित्यस्थलं प्राप्नोतिनान्येन ।

इत्यथर्व्वणे पुरुषबोधन्यामष्टमः प्रपाठकः ।

ओ स पृच्छति कियन्ति वनानि केषुदलेषु कानिक्रीडास्थानानि इत्युक्ते साप्युक्ता भद्रश्रीलोहभाण्डीरमहाताल

विष्णु । इसके बाहर रुद्रकुण्ड, उसमें स्नान करने से विष्णु रूपी होता है । यमुना में स्नान करने से राधाकृष्ण के दर्शन योग्य होता है । अब राधाकृष्ण को सर्वथा अभेद बताते हैं अर्थात् राधाकृष्ण को एक ही आसनपद्म, एक ही बुद्धि, एक ही मन, एक ही ज्ञान, एक ही आत्मा, एक ही स्थान, एक ही प्रयत्न, एक ही ब्रह्ममय उपवेसन, एक ही हेम मुरलीवाद्य, एक ही हेममय क्रीडापद्म, इस प्रकार मानस-पूजा में जप से, ध्यान से, कीर्तन से, स्तुति से, मानस-चिन्तन से नित्य विहार-स्थल प्राप्त करता है और दोनों में भेद-बुद्धि रखने से नहीं ।

अष्टमः प्रपाठकः समाप्तः ।

पुनः शेषजी पूछते हैं—कितने वन हैं, किस दल में कौन क्रीडास्थान हैं ? इस जिज्ञासा के बाद उत्तर देती है-- भद्रवन,

खदरिका बहुलाकाम्यकुमुदमधुवृन्दावनानि च, द्वादशवनानि, कालिन्द्या+ पश्चिमे सप्त, पूर्वे पञ्चवनानि तत्र उत्तमं गुह्यमस्त्विति। महावनं,गोकुलादि, खदिर,खण्डीर, नन्दवनानि,नन्दीश्वरनन्दवनानि, नन्दखण्डवनम् पलाशाऽशोकके तकीसुगन्धमोदनं च । केलिवनं, भोजनवनं, सुखप्रशाधनवनं, वत्साहरणवनं, शेषशायिवनं, श्यामवनं, पूज्यवनं, दधिवनं, ग्रामवनं, वृषभानुवनं, संकेतवनं, नीपवनं, रासवनं, क्रीडावनं, धूसरवनं, कोकिलवनं, सत्ववनम्,बिल्ववनम्,कुमुदवनम्,उत्सुकवनं, चन्दनवनानि

श्रीवन, लोहवन, भाण्डीरवन, महावन, तालवन, खादिरवन, बहुलवना, काम्यवन, कुमुदवन, मधुवन, वृन्दावन, ए द्वादश वन हैं, उसमें वृन्दावन सबसे उत्तम और गुह्य वन है। महावन गोकुल का नाम है और खादिरवन, खण्डीरवन, नन्दवन, नन्दीश्वरवन, नन्दवन, नन्दखण्डवन, पालाशवन, अशोकवन, केतकीवन, सुगन्धमोदनवन, केलिवन, अमृतवन, भोजनवन, सुखप्रशाधनवन, वत्साहरणवन, शेषशायिवन, श्यामवन, पूज्यवन, दधिवन, ग्रामवन, वृषभानुवन, संकेतवन, नीपवन, रासवन, क्रीडावन, धूसरवन, कोकिलवन, सत्ववन, वेलवन, कुमुदवन, उत्सुकवन, चन्दनवन, ये सब चौआलीस उपवन हैं।

+ सात वन यमुना के पश्चिम में और पाँच वन पूर्व में हैं। पद्मपुराण वृन्दावन-माहात्म्य में स्पष्ट है।

एतेन चतुरोत्तरचतुर्थानिवनानि, नानालीलामयानि नित्यस्थलानि । चतुर्विंशत्यधिकशतदलवाह्ये विष्णोर्योगपीठमिति, एतद्बाह्ये + वैदूर्य्यप्राचीरंचतुर्द्वारं लक्षसूर्य्यसमुज्ज्वलम् कल्पद्रमाकीर्णं एतद्बाह्येसप्तावरणमिति वृन्दावनम् । यमुनावेष्टितम्, ब्रह्मादिसेवितम्, योगीन्द्रादिध्यानतत्परम्, कोकिलध्वनिमनोहरम्, कपोतसारैःसुन्दरम्, मयूरनित्याढयम्, कुसुमवेणुरञ्जितम्, मन्दादिपवनसेवितम्, वसन्तऋतुसेवितम्, यत्र सुखं नास्ति दुःखं नास्ति, जरा नास्ति मरणंनास्ति, क्रोधाक्रोधंनास्ति । यत्र पूर्णानन्दमयं किशोरवयसः, नित्यमष्टकोणनिर्मितं योगपीठं

ये नाना लीलामय तथा नित्यस्थल हैं । पूर्वोक्त एक सौ चौबीस दलयुक्त कमल के बाहर विष्णु का योगपीठ है । इसके बाहर वैदूर्य्य मणिमय प्राचीर है, उसके बाहर सात आवरण हैं । ये सब मिल कर सप्तावरण पर्य्यन्त वृन्दावन है । जो कि यमुना से वेष्टित, ब्रह्मादि सेवित, योगीन्द्रों से ध्यानयुक्त, कोकिलादि ध्वनि मनोहर कपोतादि से सुन्दर, मयूरादि नृत्ययुक्त, कुसुम वेणु आदि से रञ्जित, मन्दादि वायु से सेवित, सदा वसन्त ऋतु से सेवित है । यहाँ पर प्राकृत सुख, दुःख, जरा-मरण, क्रोध-अक्रोध नहीं है अर्थात् प्राकृत कोई भी विकार नहीं है । यहाँ पर नित्य किशोर श्रीकृष्ण का पूर्णानन्दमय अष्टकोण × योगपीठ है । +

+ इसका स्पष्ट निरूपण वृन्दावन-माहात्म्य पद्मपुराण में है ।

× अष्टकोण षट्कोण के बीच में समझना चाहिये ।

तत्र माणिक्यसिंहासनेस्थितः गोपीजनवल्लभो दिव्य-व्रजवयोरूपो व्रजेन्द्रो व्रजबालैकवल्लभोऽनादि-रादिः श्रुतिमुखो द्विभुजो दलितांजनश्यामदेहो नीलकुन्तलशिखण्डदलमण्डितः तीर्य्यक्कृतगुञ्जावतंश शशांकमाणिक्यकिरीटशिरो गोरोचनतिलकः कर्णयोर्म-करकुण्डले नाशाग्रे मुक्ताफलं सिन्दूरारुणधरः तीर्य्य-ग्ग्रीवः श्रीवत्सकौस्तुभधरो मुक्ताहारविभूषितः वन्यस्रग्वी मालतीदामभूषितः, चन्दनभूषितशरीरः करे कंकण-केयूरः कट्यांकिंकिणीपीताम्बरधरःगम्भीरनाभि कमलहृत-जानु युगलः पद्मवज्रादिचिन्हितपादतलः तदंशाशेन कोटिमहाविष्णुरिति ।

योगपीठ में माणिक्य सिंहासन है, जिसमें गोपीजनवल्लभ दिव्य-व्रज वयोरूप व्रजेन्द्र व्रजबालक तथा बालिकाओं का वल्लभ आदि से रहित सबके आदि श्रुतियाँ जिनका मुख है, द्विभुज दलिताञ्जन श्याम देह नील कुन्तल शिखण्ड चूड़ गुञ्जा भूषण चन्द्रिकायुक्तमाणिक्यकिरीटी गौरोचनतिलक कर्ण में मकर कुण्डल नाशाग्र में मुक्ताफल सिन्दूरारुणयुक्त तीर्य्यक्त् ग्रीव श्रीवत्सकौस्तुभयुक्त मुक्ताहार विभूषितवनमाला धारी मालतीमाला भूषित हाथ में कंकड़ादि युक्त कटि में किंकणी पीताम्बर गंभीरनाभि कमल पद्म वज्रादि भूषित पाद तल गोविन्द विराजते हैं ।

एवं रूपं कृष्णचन्द्रं चिन्तयेन्नित्यशः सुधीरिति। तस्यआद्या प्रकृतीराधिका नित्या निर्गुणासर्व्वालङ्कारशोभिता प्रसन्नाऽशेषलावण्यसुन्दरी अस्मदादीनांजन्मदात्री यस्या अंशावहवो ब्रह्मविष्णुरुद्रादयो भवन्ति एवं भूतस्य सिद्धिमहिम्ना सुखसिन्धुरशेनोत्पन्नः। इति अथर्वणि पुरुषबोधिन्यां नवमः प्रपाठकः।

जिनके अशांश से कोटि कोटि महा विष्णु उत्पन्न होते हैं। एतादृशदिव्यरूप युक्त श्रीकृष्ण का नित्यशः सुधीजन को चिन्ता करना चाहिये। उस भगवान् श्रीकृष्ण की आदि प्रकृति अर्थात् श्री भूलीलादित था ललिता चन्द्रावल्यादि सब प्रेयसीयों का आदि भूता अंशिनी श्रीराधिका ही है। यथा यहीं पर पहले कहा जा चुका है—

यस्या* अशे लक्ष्मी दुर्गा विजयादि शक्तिः, राधातापिनी में भी कहा है एतस्या+ एक कायव्यूहरूपा गोप्यो महिष्यः श्रीश्चेति, पद्म पुराण वृन्दावन माहात्म्य में कहा है—

तत्प्रिया$ प्रकृतिस्त्वाद्या राधिका परदेवता।
तत्कला कोटि को त्यंशा दुर्गाद्या त्रिगुणात्मि का॥

---

*—जिनके अशसे लक्ष्मी दुर्गा विजयादि शक्ति उत्पन्न होते हैं।

+—श्रीराधा के ही कायव्यूहरूप चन्द्रावल्यादि गोपी रुक्मिण्यादि महिषी और वैकुण्ठेश्वरी लक्ष्मी हैं।

$—श्रीकृष्ण के आदि परम प्रिय पत्नी राधा है जिनके कला का कोटि कोटयंश से त्रिगुणात्मिका दुर्गादि होते हैं।

स्कन्द पुराण भागवत महात्म्य में कहा है--

*आत्मारामस्य कृष्णस्य ध्रुवमात्मास्तिराधिका ॥
तस्या एताश विस्तारा: सर्वा: श्रीकृष्ण नायिका ।

इन सब विशेषणों से राधा और कृष्ण का सर्वथा-साम्य प्रतिपालन किया गया है ।

उदम्बरसंहिता वेदान्तरत्नमंजूषा सिद्धान्तरत्नाद्धृत— ऋक् परिशिष्ट में भी कहा है । राधया माधवो देवो माधभे न च राधिका विभ्राजते जनेषु योऽनयोर्भेदं पश्यति समुक्तः स्यान्न संसृतेः, इति अर्थात् राधा संहित ही कृष्ण और कृष्ण सहित ही

---

*—आत्माराम कृष्ण के आत्मा राधा है । उसी राधा के अंशविस्तार भूता श्रीकृष्ण के सब प्रेयसी वर्ग हैं ।

इन सब विशेषणों में राधा और कृष्ण का सर्वथा साम्य प्रतिपादन किया गया है ।

श्रीराधा को श्रीकृष्ण का आदि प्रकृतित्व कथन से श्रीकृष्ण और श्रीराधा को स्वरूपवत् अनादि सिद्ध दाम्पत्य भी सूचित किया गया है । ऋक् परिशिष्ट श्रुति में भी नित्य साहित्य विधान द्वारा नित्य दाम्पत्य सूचित किया गया है । इसी अभिप्राय से नन्दनन्दन पत्नी, यशोदानन्द पत्नी इत्यादि नाम परिगणित किया गया है—

यथा—तस्य पत्नी समाख्याता राधेति जगदम्बिका ।
कलावती सुता राधा साक्षात् गोलोकवासिनी ॥
गुप्तस्नेहनिबद्धासा कृष्णपत्नी भविष्यति ॥
स्वयं राधा कृष्णपत्नी इत्यादि पुराण वाक्य है ।

ॐ पुरुषोत्तम यस्यां निशायां+श्रीपुरुषोत्तमाभिधायिनी पुरीयं साक्षात्ब्रह्म यत्र परम संन्यासस्वरूपःकृष्णन्यग्रोधःकल्पपादपःयत्र लक्ष्मी जाम्बवन्ती राधिका कमला चन्द्रावती सरस्वती ललिता विमलादिरिति साक्षात् ब्रह्म स्वरूपो जगन्नाथः अहं सुभद्रा शेषांगस्तु ज्योतीरूप

राधा भक्तों के हृदय में विराजती हैं। इन दोनों मे यो भेद बुद्धि रखते हैं वह संसार से मुक्त नहीं होते हैं और श्रीकृष्ण के जैसे श्रीराधा भी अनादि सिद्धा हैं नित्या हैं। निखिलप्राकृतगुण रहिता तथा अप्राकृत अनन्त कल्याण गुण युक्ता और सर्वालङ्कार शोभिता और नित्य प्रशस्ता तथा श्रीकृष्णवत् निरतिशय सौन्दर्यादि अनन्त गुण युक्ता है। इनके अंश से अनन्त ब्रह्म विष्णु महेशादि उत्पन्न होते हैं और यह हम लोगों का भी जन्म दात्री है। इनके सिद्धि महिमा से सुख का समुद्र उत्पन्न होता है। इति नवम प्रपाठकः।

यह पुरुषोत्तमपुरी साक्षात् ब्रह्म स्वरूप ही है जहाँ पर परम सन्यास (समस्त लोकोपकारी) रूप वंशीवट कल्पतरु है और लक्ष्मी, जाम्बवन्ती, राधिका, कमला, चन्द्रावती, सरस्वती, ललिता, विमला आदि सखियां हैं, एवं साक्षात् ब्रह्म स्वरूप जगन्नाथ और सुभद्रा अथच श्रीकृष्ण के अङ्ग ज्योतिः स्वरूप भक्तराज श्रीसुदर्शन विराजमान हैं। इस प्रकार से एक ही ब्रह्म-

---

+ यहां पर पाठ खण्डित होने के कारण मूल का मूल ही रख दिया गया है।

सुदर्शनो भक्तश्च एवं ब्रह्मपञ्चधा विभूतिर्यत्र मथुरा गोकुल द्वारिका वैकुण्ठपुरी श्वेतद्वीपपुरी रामपुरी शिवपुरी यमपुरी पुरुषोत्तमपुरी नारसिंहपुरी नरनारायणपुरी कुबेरपुरी गणेशपुरी शक्रपुरी एता देवतास्तिष्ठन्ति ।

यत्र सुरसा पातालगंगा श्वेतगंगा रोहिणीकुण्ड ममृतकुण्डमित्यादि नानापुरी यत्रान्नंब्रह्म परमपवित्रं शान्तोरसः केवला मुक्तिः सिद्धिः भूर्भुवः स्वर्महस्तत्वं, यत्र भार्गवी यमुना समुद्रममृतमयं वासो वृन्दावनानि-नील पर्वतं गोवर्द्धनसिंहासनं योगपीठप्रसादं मणि

पुरी, तरु पट्टग्रहिषी, अवतार और विभूतियां इन भेदों से पञ्च प्रकार से व्याप्त हो रहा है ।

विभूतियां ये हैं—मथुरा, गोकुल, द्वारिका, वैकुण्ठपुरी, श्वेतद्वीपपुरी, रामपुरी, शिवपुरी, यमपुरी, पुरुषोत्तमपुरी, नरसिंह पुरी, नर नारायणपुरी, कुबेरपुरी, गणेशपुरी इन्द्रपुरी और उनमें रहने वाले देवगण ।

वहाँ श्रीगोलोक धाम में, गङ्गा, पाताल गङ्गा, श्वेत गङ्गा ये महानदियां हैं । रोहिणी कुण्ड, अमृत कुण्ड आदि कुण्ड हैं, अनेकों ही पुरियाँ हैं और ब्रह्म ही परम पवित्र अन्न है, शान्त रस और केवल मुक्ति ही सिद्धि है । भूः भुवः स्वः ये ही महातत्व हैं । जहाँ पर श्रीभार्गवी यमुनाजी हैं । समुद्र अमृत मय वास नील पर्वत गोवर्धन सिंहासन, योगपीठ

मण्डपं विमलादि षोडश चन्द्रिका गोपी यत्र समुद्रतीरे चन्तं कामधेनुवृन्दं यत्र सिंहासनं (यो) देवता आवरणानि ।

तत्र न जरा न मृत्युर्नकालो न भंगो न जपो न विवादो न हिंसा न भ्रान्तिर्ननिद्रा न स्वप्न एवं लीला काम भरा स्वविनोदार्थं भक्ता: सोत्कण्ठिताश्चास्यां लीलायां क्रीडन्ति।

काऽपि गोपस्त्रीरूपलक्ष्मी सा का च राधिका समा च कोऽप्यक्रूर: स उद्धव: सनकोऽपि ब्रह्मा शिवश्च

महल, मणियों का मण्डप विमला आदि सोलह चन्द्रिका (श्रेष्ठ स्वरूप गोपियां और समुद्र तटपर चरते हुये कामधेनु गऊओं के यूथ को और सिंहासन में देवताओं के आवरणों को भक्त जन देखते हैं ।

वहां पर बुढ़ापा और मृत्यु नहीं हैं, क्योंकि यहाँ काल की गति नहीं चलती । किसी प्रकार का क्षय एवं हार जीत तथा कलह हिंसा और भ्रम निद्रा, स्वप्न ये नहीं हैं, किन्तु स्वेच्छानुकूला शुद्धलीला है, अपने २ विनोद के लिये भक्त जन उत्कण्ठा पूर्वक उस शुद्ध लीला में रमण करते हैं ।

उस शुद्ध लीला के अनुभव करने वालों का निर्देश करते हैं ।

कोई गोप स्त्री रूप लक्ष्मी जो कि अंशत्वेन श्रीराधिकाजी के समत्व शील हैं । अक्रूर, उद्धव, सनक, ब्रह्मा, शिव और

योगाश्च कानिच कर्ताव भोक्ताच केऽपि देवाः, (कस्य) देवा इव वेदाश्च गायन्ति केचाऽन्ये कूर्मादयः अंशसमुद्राणिचाश्यंस्तज्ज्योतिः पुरुषः स्वभावा एकेऽपि ऋषयः पितरो भ्रातरो बान्धवा सदारादय इत्यादि लीला रसिका भक्ता विहरन्ति ।

अत्रायं श्लोकः—

एको देवो नित्यलीलानुरक्तो भक्तव्यापी भक्तहृद्यान्तरात्मा ।
कर्माध्यक्षो भक्तभावानुरक्तो लीलासाक्षी भक्तजीवोव्रजेन्द्रः ॥
इत्यार्थवणे पुरुषसुबोधिन्यां दशमः प्रपाठक ॥ १०॥

मूर्तिमान् योग, एवं तज्जन्य सुख और कर्ता भोक्ता एवं केचिदेव और देवों की भाँति गान करने वाले वेद तथा च कूर्मादिक अवतार दाराओं के सहित परम ऋषि पितृ भातृ बन्धु आदिक लीला रसिक भक्तजन विहार करते हैं । भगवान इन सबकी आत्माओंके साक्षी हैं ।

उपरोक्त विषय में मन्त्र भाग का भी यह श्लोक है । जहाँ जहाँ भक्त हैं तहाँ तहाँ सतत निवास करने वाले भक्त जनों के हृदय में विराजमान उनकी अन्तरात्मा नित्यलीला में अनुरक्त कर्मों की व्यवस्था करने वाले, भक्तों के भावों (प्रेम धारणाओं) में अनुरक्त और उनकी लीला का साक्षी एवं सर्वस्व एक ही व्रजेन्द्र देव है ।

अथ यंत्रं प्रवक्ष्यामि यतः स्थलं नित्यमुच्यते ।
क्षणार्धं कृष्णचन्द्रस्तु यत्स्थानं न परित्यजेत् ॥

प्रेमरूपा यथा राधा तादृक् कृष्णश्च कौतुकी ।
स्वशक्त्या विहरेत्तत्र तत्स्थानं न परित्यजेत् ॥

दिव्यं वृन्दावनं स्थानं शेषांगस्थं च सर्वदा ।
ब्रह्मरूपमिदं स्थानं सच्चिदानन्दरूपकम् ॥

अष्टकोणं लिखेदादौ दशार्णंतत्र वैलिखेत् ।
तन्मध्ये कामराजं तु ध्यात्वा कृष्णंलिखेद्बुधः॥

अब मैं यन्त्र का विचार करती हूँ, यन्त्र क्या है पूजन सेवनादि के लिये भगवान् के नित्यस्थल का नकशे के जैसे नकल है । प्रथमतः नित्यस्थल का अनुकरण रूप यन्त्र पूजनादि के लिये लिखने की प्रक्रिया बतायेंगे उसके सामान्य स्वरूप बताते हैं । अर्थात् भगवान् का नित्यस्थल वृन्दाबन अलौकिक अर्थात् अप्राकृत है निज स्वरूप भूत आधार शक्ति रूप शेष देव के शिरस्थ हैं ब्रह्मरूप है अतएव सच्चिदानन्द घन है, प्राकृत पदार्थों का उसमें संपर्क मात्र भी नहीं है । अतएव निर्विकार और नित्य हैं उस स्थान को श्रीकृष्ण आधे क्षण के लिये भी त्याग नहीं करते हैं । अपितु प्रेमरूपा श्रीराधा के साथ परम कौतुकी श्रीकृष्ण नित्य विहार करते हैं । यंत्र लिखना अब बताते हैं—यंत्र लिखते समय प्रथमतः अष्टकोण लिखे उसके बीच में दशार्ण लिखे, दशार्ण के बीच में कामबीज लिखे वहाँ पर नव

नवभिः शक्तिभिः सार्धं सह कृष्णं तु राधया ।
सम्पूज्य योगपीठेच मध्ये वेदीं स्मरेत्ततः ॥

षट्कोणं च लिखेद्बाह्ये षड्बीजं तत्र वै न्यसेत् ।
वृन्दावत्यादि षड् भक्त्या पूजयेत् साधकोत्तमः ॥

वृन्दावती रंगदेवी सुभद्रा च प्रियम्बदा ।
रत्नलेखा च नित्या च शक्तयः परिकीर्तिताः ॥

इमाः षट्शक्तयः कृष्णे निगूढ़प्रेमदायिकाः ।
आसां मंत्रं बीजषट्कं नमोऽन्तं प्रणवादिकम् ॥

गोपनीयं प्रयत्नेन कृष्णप्रेमबहिर्म्मुखात् ।
तद्बाह्ये प्रथमावृत्तौ रेखामष्टौ तद्बिलाञ्छितम् ॥

शक्तियों के साथ राधाकृष्ण की पूजा करके योगपीठ के मध्य में वेदी का स्मरण करे ।

तब अष्टकोण के बाहर षटकोण लिखे छै कोणों में छै बीज लिखे । उन स्थानों में वृन्दावती रंगदेवी सुभद्रा, प्रियम्बदा रत्नलेखा, नित्या ये आठ शक्तियों का पूजा करे । ये छै शक्तियाँ श्रीकृष्ण में निगूढ़ प्रेम देने वाली हैं । इन छयों का छयो बीज और नमः सहित प्रणवादिक मन्त्र को श्रीकृष्णप्रेम से बहिर्मुख जनों से गुप्त रखना चाहिये । उस षटकोण से बाहर प्रथमवृत्तमें आठ रेखा लिखना चाहिये । उन रेखाओं के बीज ललितादि शक्तियों की पूजा करनी चाहिये । उसके अनन्तर

ललिताद्यास्तेषु पूज्या तासांमध्ये पुरातथा ।
द्वात्रिंशद्ऊर्ध्वरेखासु षोडशान्तं विभावयेत् ॥
सिद्धाषोडशसाहस्रं गोपीनां तेषु पूजयेत् ।
चतुरस्रं चतुर्द्वारं लिखेत् पीठचतुष्टयम् ॥
दक्षिणे श्रुतिसिद्धानां सचरोविंशत्सहस्रम् ।*
प्रतिसव्यां मुनिसिद्धानामष्टाशीतिसहस्रकम् ॥
पूजयेत्, पुरचारीणांतु षट्त्रिंशपूर्व्वकंलक्षम् ।
मंडलंहिचतुर्ल्लक्षं साहस्रं पूजयेत्ततः ॥
आसां मंत्रंहि आगमसम्बादि विज्ञायतेच ।

बत्तीस रेखाओं के बीच सोलह सहस्र सिद्धा गोपियों का पूजन करना चाहिये । उसके अनन्तर चतुरस्र चतुर्द्वार चार पीठ लिखे । उसमें दक्षिण दिशा में बीस हजार श्रुति सिद्धाओं का, उसके बाँये भाग में अट्ठासी हजार मुनि सिद्धाओं का उसके बाँये भाग में चार लाख पुरचारियों का पूजन करे, इन सबों का मंत्रादि वेद के मन्त्र भाग में है ।

चार वेद हैं, उन चार वेदों में मुख्य गायत्री है, अतः गायत्री का भी पूजन करना चाहिये । एवं चारों दिशाओं में चार प्रकार से अधिष्ठात्री देवताओं की पूजा करे । उसमें सायुध

---

* सचतुर्विंशतिसहस्रमिति भट्टि पाठः ।

चत्वारो वेदागीयन्ते वेदानामतोगायत्रीतत्रतत्रपूज्याभवति ।
चतुर्दिक्षु चतुर्धा च अधिष्ठात्री देवता ।
त्रिपुरादिचतुः शक्तिः सायुधसपरिवारा सगणा पूज्यते ।
क्रीडास्थलमिदंज्ञेयं द्वितीयावृतमेवतु ।
तद्बाह्ये चतुर्दिक्षुसरस्योह्यत्रनिर्म्मलाः ॥
चतसोऽमृतपानीया हंशपद्मादिसंकुलाः ।
पूर्वे सिद्धिप्रदानाम्ना रत्नसोपानसंयुता ॥
तज्जलस्पर्शमात्रेण ज्ञानचक्षुर्भवेन्नृणाम् ।
प्रेमभक्त्यातुपश्यन्ति न पश्यन्तीतरेजनाः ।
पतत्रीविशालस्तत्र कृष्णप्रेम सुविह्वलाः ॥

सपरिवार सगण त्रिपुरादि चतुः शक्ति का पूजन करे । यह द्वितीयावृत क्रीडास्थल है । इसके बाहर चारों दिशा में चार अमृत रूपी जल से युक्त सरोवर हैं । जो सततहंशकारंडवादि पक्षी से युक्त रहता है । पूर्व दिशा में रत्न सोपान से युक्त सिद्धि प्रदानाम का सरसी हैं । जिसका जल स्पर्श मात्र से लोगों को ज्ञान चक्षु होता है । प्रेम भक्ति से ही वह सरस देखा जाता है । अन्यथा नहीं उस सरोवर में श्रीकृष्ण प्रेम से विह्वल बहुत से पक्षी रहते हैं । जो माया गुण से मुक्त हैं प्रेम भक्ति से युक्त हैं वे ही महात्मा लोग उस सरोवर को देखते हैं ।

ये च माया गुणातीताः प्रेमभक्तिसमन्विताः ।
तज्जलं ते तु पश्यन्ति महात्मानो महोदरम् ॥
पश्चिमद्वारसंकीर्णा नाम्ना पुष्पारिणी परा ।
नानामणिसमाकीर्णा, सोपानैरुपशोभिता ॥
तज्जलस्पर्शमात्रेण साधका दिव्यरूपिणः ।
भवन्ति तत्क्षणादेव श्रीकृष्णप्रेमभाजनाः ॥
उत्तरद्वारितत्रस्थो नाम्ना मलयनीविडः ।
मणिवैदूर्य्यसोपानः पुष्परत्नसमाकुलः ।
वसन्तोत्सवयात्रां तु कुरुते तत्रकेशवः ।
ततो मंडलबाह्ये च रेखायां केशवस्य च ॥
सखायः षोडशतेष्वेव सगणान्पूजयेत् सुधीः ।

पश्चिम द्वार के समीप में पुष्पारिणी नाम की सरसी है जो नाना मणि गणों से समाकीर्ण अनेक विध सोपान से युक्त है। उसके जल स्पर्श मात्र से साधक वर्ग दिव्य रूपी होकर श्रीकृष्ण का प्रेम पात्र बन जाता है। उत्तर द्वार में मणिदुर्ग सोपान से युक्त पुष्परत्न से युक्त मलय निविड़ नाम का सरोवर है। वहाँ पर भगवान् बसन्तोत्सव यात्रा करते हैं। मण्डल के बाह्य रेखाओं में भगवान् का सोलह सखाओं का निवास है। अतः उन सखाओं का अपने अपने गण के साथ वहीं पर पूजा करे।

रेखाया वाह्यभागे तु सन्ति कल्पमहीरुहाः ।
तेषां मध्यस्थवेदिकायां सुरभीवृन्दमर्चयेत् ॥

कालिन्दीम्पूजयेत्तत्र वृन्दवादनभूषणाम् ।
स्फुरद्रत्नोभयतटीं श्यामलामृतवाहिनीम् ॥
एतत्पीठं पुण्डरीकं पंचावरणसंयुतम् ।
तत्रैव सुरभीवृन्दं तत्प्रधानाष्टकं शृणु ॥
सुरभी, वृन्दा, निसिद्धा, चित्रांगी, कामधेन्वपि ।
कृष्णा कृष्णमुखी पीता पूर्वादिक्रमसंस्थिताः॥

तद्बाह्येष्टदलं वृक्षव्रजं ओं प्रणवंपुटम् ।
तेषु चाक्षरान् मंत्रान् विलिख्य तत्र पूजयेत् ॥
पूर्वपत्रं कामकूटम् तत्र केशिनिपातितम् ।

रेखा के बाह्य भाग में कल्प वृक्षों का समूह है, उसके मध्य में गौओं का वृन्द का अर्चन करे। उसके मध्यवेदिका में वृन्दवादनभूषणा रत्नमय उभयतटयुक्ता श्यामलामृत वाहिनी यमुनाजी का पूजन करे। वहाँ पर पंचावरण युक्त पीठ है। उस पीठ में सुरभी वृन्द का पूजन करे। उन सुरभियों में आठ प्रधान है। जिनके-सुरभी, वृन्दा, निसिद्धा, चित्रांगी, कामधेनु, कृष्णा, कृष्णमुखी, पीता ये नाम हैं। इनको पूर्वादि दिगक्रमेण पूजा करना चाहिये। उसके बाहिर अष्टदल है और वृक्षों का समूह है, वहाँ पर प्रणवपुट है उन पत्रों में अक्षर मन्त्रों को लिखकर वहाँ पर पूजन करे। उसमें पूर्व पत्र कामकूट हैं,

महारासपरे तत्र कृष्णगोपीकदम्बकैः ॥
श्रीपुरं वह्निदिग्यस्ति तत्र कृष्णं प्रपूजयेत् ।
वासो हरन्तं गोपीनां नीपशाखायताश्रयम् ॥
पीठमानन्दकान्यंच निरोधोत्तरदिग्दलम् ।
यत्र वेणुं वादयन्तौ रामकृष्णौ रसान्वितौ ॥
अन्वितौ युवतीवृन्दैर्गोगोपैर्गीतमोहितैः ।
ऐशान्यां यद्दलं प्रोक्तं रतिसारं तदुच्यते ॥
यज्ञपत्नीभिरुल्लासैर्नानोपायनपाणिभिः ।
अन्वितौ रामकृष्णौ तौ ध्येयौ विश्वेश्वरेश्वरौ॥
पश्चिमे यद्दलं प्रोक्तं महापीठं विदुर्बुधाः ।

यो महारास का स्थान है। वहाँ पर केशी मारा गया है। अग्नि-कोण में श्रीपुर हैं, वहाँ पर गोपियों का वस्त्र हरण करते हुए श्रीकृष्ण का पूजन करे।

उत्तर दिशा में आनन्दक नामक पीठ है। वहाँ पर रसान्वित वेणुवादन तत्पर युवतीवृन्द तथा गोप से युक्त रामकृष्ण का पूजा करें। ईशान दिशा में रतिसार नाम का दल है। यहाँ पर नानोपायन से युक्त परम प्रेम से यज्ञ पत्नियों से युक्त रामकृष्ण का ध्यान करे। पश्चिमे जो दल है उसको महापीठ कहते हैं।

यत्राभिषिक्तो भगवान् शक्रेणेशः स्वयं भुवान् ।+
वायुकोणदले पीठं वर्धनं विश्वमंगलम् ॥
यत्र गोवर्धनं शैलं धृतवान् भगवान् प्रभुः ।
दक्षिणे यद्दलं प्रोक्तं जयतं नाम पीठकम् ॥
तत्रैव भावयेन् मंत्रं सख्युः षोडश मंडलान् ।
सखिनां बाह्यभागे तु द्वात्रिंशद्दलमुच्यते ॥
जन्मादिलीलया तत्र देवदेवो..... ।
नानाक्रीडारसं तत्र कृष्णं च परिचिन्तयेत् ॥
तद्बाह्ये स्वर्णप्राचीराकारे कोटिसूर्य्यसमुज्वले ।
चतुर्दिक्षु महोद्याने मंदमारुतसेविते ॥
पश्चिमे सम्मुखे श्रीमत्पारिजातद्रुमाश्रये ।
तत्राधस्तु स्वर्णपीठे स्वर्णमंडपमण्डिते ॥

यहाँ पर ईश्वेश्वर भगवान् को इन्द्र ने अभिषेक किया, वायुकोण के दल में वर्धन नाम का विश्वमङ्गलपीठ है, यहाँ पर गोवर्धनशैल को भगवान ने धारण किया। दक्षिण दल में जयत नाम का पीठ है, वहाँ भगवान् के सखाओं का मंत्र सहित भावना करै।

सखाओं के बाहिर भाग में बत्तीस दल हैं, वहाँ पर भगवान् जन्मादि लीला करते। वहाँ पर नाना क्रीडारस युक्त

× स्वयं भगवान् इति पाठः प्रतिभाति ।

तन्मध्ये मणिमाण्डिक्य रत्नसिंहासनोज्वले ।
तत्रोपरि परानन्दं वासुदेवं जगद्गुरुम् ॥
त्रिगुणातीतचिद्रूपं सर्वकारणकारणम् ।
चतुर्भुजं महद्धाम ज्योतीरूपं सनातनम् ॥
शंखचक्रगदापद्मधारिणं वनमालिनम् ।=
रुक्मिणी सत्यभामा च नाग्निजितो सुलक्षणा ॥
मित्रविन्दा सुनन्दाच तथा जाम्बवन्ती प्रिया ।
सुशीला चाष्टमहिषी वासुदेवावृतास्तथा ॥
उद्धवाद्याः पारिषदाऽवृतास्तद्भक्तितत्पराः ।

